प्रेस विज्ञप्ति

एनसीसी केडेट्स प्रशिक्षण शिविर में यातायात जागरूकता सेमिनार

दिनांकः-27.10.2023

श्रीमान रविदत गौड़ पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार, श्री राजेश कुमार कांवत पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में श्री भोपालसिंह लखावत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के नेतृत्व में मय यातायात शिक्षा टीम के 6 राज बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एस एल बी एस इंजिनियरिंग कॉलेज डांगियावास जोधपुर में यातायात शिक्षा मोबाईल वैन के माध्यम से यातायात नियमों की पीपीटी एवं हेलमेट लघु फिल्म दिखाकर ‘‘यातायात सेमिनार’’ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर एवं यातायात शिक्षा प्रभारी श्री हनुमानसिंह हैडकानि 1201 द्वारा एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बढ़ती सडक दुर्घटनाओं के कारणों को बताते हुए इसमें कमी लाने हेतु यातायात नियमों की पूर्ण पालना करने की समझाईश की गई। ड्राईविंग लाईसेन्स के बिना एवं नाबालिग द्वारा वाहन चलाने पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के वडियों क्लिप दिखाकर उनके दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। साथ ही सभी कैडेट्स को मानव जीवन की महता को समझातें हुए आदर्श एवं संस्कारवान नागरिक बनने की सीख दी।

सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की तत्काल मदद करने वाले व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) हेतु उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देश, **मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवनरक्षा योजना** तथा बालवाहिनी गाईड लाईन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सभी कैडेट्स, एएनओ व पीआई स्टाप को यातायात नियमों के पेम्पलेटस् वितरित किये गये।

कार्यक्रम के अन्त में कैम्प लेफ्टिनेंट कमाण्डेन्ट श्री वी.के. चौहान द्वारा सभी कैडेट्स को यातायात नियमों की पूर्ण पालना करने का विश्वास दिलाते हुए यातायात पुलिस के प्रेरणादायी कार्यक्रम प्रसंशा के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

(भोपालसिंह लखावत)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, आयुक्तालय जोधपुर

S.B.R.M
05

NCC

बिना हेलमेट के
पड़ सकता